Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا لَا تَخُوْنُوا اللّٰهَ وَالرَّسُوْلَ وَتَخُوْنُوْٓا اَمٰنٰتِكُمْ وَاَنْتُمْ تَعْلَمُوْنَ

(सूरः अन्फ़ाल : 28)

अनुवाद : हे वे लोगों जो ईमान लाए हो अल्लाह और उसके रसूल से खयानत न करो अन्यथा तुम उसके नतीजा में स्वयं अपनी अमानतों से खयानत करने लगोगे जबिक तुम (उस खयानत को) जानते होंगे।

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡد

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष- 9
अंक 4

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly
BADAR Qadian
HINDI

मूल्य
600 रुपए
वार्षिक

संपादक
शेख़ मुजाहिद अहमद

उप संपादक
सय्यद मुहियुद्दीन फ़रीद

13 रजब 1445 हिज्री कमरी, 25 सुलह 1403 हिज्री शम्सी, 25 जनवरी 2024 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़जल नाज़िल करता रहे। आमीन

ख़ुत्बः जुमअः

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने अपनी लेखनी और अपने इर्शादात में असंख्य स्थानों पर अपने आने का उद्देश्य और इस ज़माने में किसी मुस्लेह के आने की ज़रूरत का वर्णन फ़रमाया है

"असल हक़ीक़त यह है कि किसी शख़्स के दावा नबुव्वत पर सबसे पहले ज़माना की ज़रूरत देखी जाती है। फिर यह भी देखा जाता है कि वह नबियों के निर्धारित किए गए समय पर आया है या नहीं। फिर यह भी सोचा जाता है कि ख़ुदा ने उसकी सहायता की है या नहीं। फिर यह भी देखना होता है कि दुश्मनों ने जो आरोप लगाए हैं उन आरोपों का पूरा-पूरा उत्तर दिया गया या नहीं। जब ये समस्त बातें पूरी हो जाएं तो मान लिया जाएगा कि वह इन्सान सच्चा है अन्यथा नहीं"(हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम)

"निसन्देह एक आसमानी मुस्लेह की ज़रूरत है जो दुबारा यक़ीन प्रदान करके ईमान की जड़ों को पानी देवे। और इस तरह पर बदी और गुनाह से छुड़ा कर नेकी और रास्ती की तरफ़ मोड़ देवे"

मुख़ालेफ़ीन की मुख़ालेफ़त के बावजूद जमाअत के लोगों के ईमान को अल्लाह तआला ने मज़बूत फ़रमाया और फ़रमाता चला जा रहा है

पुराने अहमदियों के लिए भी चिंता का विषय है कि उनको भी तब्लीग़ की तरफ़ तवज्जा देनी चाहिए

चाहे वे पुराने अहमदी हैं या नए, अल्लाह तआला से यह दुआ करनी चाहिए कि हमारा ईमान मज़बूत रहे और हमें निशान भी कोई दिखा और हिदायत देता रहे

बुर्कीना फासो के शहीदों ने अपनी जान दे कर वहां के अहमदियों का ईमान कमज़ोर नहीं किया बल्कि प्रतिदिन उनके ईमान में मज़बूती आ रही है

अल्लाह तआला न केवल लोगों पर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की सच्चाई साबित फ़रमाता है बल्कि ख़िलाफ़त-ए-अहमदिया के निज़ाम के साथ अपनी सहायता के नज़्ज़ारे भी दिखाता है और ख़ाब के ज़रीया पहले ही उन्हें मज़बूत कर देता है

कहाँ तो ईसाइयत दुनिया में अपने झंडे गाड़ने की बातें करती थी और कहाँ अब ईसाई हज़रत मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के झंडे के नीचे आ रहे हैं। ये सब देखकर भी इन तथाकथित मज़हब के ठेकेदारों की आँखें नहीं खुलतीं तो फिर उनका मुआमला ख़ुदा तआला के साथ है

समझते हैं कि यह जंग वहीं तक महिदूद रहेगी लेकिन उनके जो अक़लमंद हैं वे भी कहने लग गए हैं कि यह केवल इन इलाक़ों में महिदूद नहीं रहेगी बल्कि बाहर भी फैलेगी और उनके मुल्कों तक भी पहुंच जाएगी

फिलिस्तीन के उत्पीड़ित लोगों के लिए दुआ की पुनः तहरीक

श्रीमान अब्दुस्सालाम आरिफ़ साहिब मुरब्बी सिलसिला, श्रीमान मुहम्मद क़ासिम ख़ान साहब आफ़ कैनेडा, श्रीमान अब्दुल करीम कदसी साहिब,श्रीमान मियां रफ़ीक़ अहमद गोन्दल साहिब और श्रीमती नसीमा लईक साहिबा की विशेषताओं का वर्णन और नमाज़ जनाज़ा ग़ायब

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 24 नवंबर 2023 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِالْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَاالضَّآلِّيْنَ

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने अपनी तहरीरात और अपने इर्शादात में असंख्य स्थानों अपने आने की ग़रज़ और इस ज़माने में किसी मुस्लेह के आने की ज़रूरत का वर्णन फ़रमाया है।

और यह साबित फ़रमाया है कि आप का अल्लाह तआला की तरफ़ से आना ऐन वक़्त की ज़रूरत था और अल्लाह तआला की सुन्नत और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की भविष्यवाणियों के अनुसार है। इसलिए आप फ़रमाते हैं कि "अतमाम-ए-हुज्जत (समझाने के अंतिम प्रयास कर पूर्ण करने) के लिए मैं यह ज़ाहिर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - **निगरान बदर बोर्ड क़ादियान**

करना चाहता कि .. ख़ुदाए तआला ने इस ज़माना को तारीक पा कर और दुनिया को ग़फ़लत और कुफ़्र और शिर्क में ग़र्क़ देखकर ईमान और सिदक़ और तक़्वा और रास्तबाज़ी को ज़ायल होते हुए मुशाहिदा करके मुझे भेजा है कि ता वह दुबारा दुनिया में इलमी और अमली और अख़लाक़ी और ईमानी सच्चाई को क़ायम करे औरता इस्लाम को उन लोगों के हमला से बचाए जो फ़लसफ़ी और नेचरियत और इबाहत और शिर्क और दहरियत के लिबास में इस इलाही बाग़ को कुछ नुक़्सान पहुंचाना चाहते हैं। अतः हे हक़ के तालबो सोच कर देखो कि क्या यह वक़्त वही वक़्त नहीं है जिसमें इस्लाम के लिए आसमानी मदद की ज़रूरत थी। क्या अभी तक तुम पर यह साबित नहीं हुआ कि पिछले सदी में जो तेरहवीं सदी थी क्या-क्या सदमात इस्लाम पर पहुंच गए और ज़लालत के फैलने से क्या-क्या नाक़ाबिल-ए-बर्दाश्त ज़ख़म हमें उठाने पड़े। क्या अभी तक तुमने मालूम नहीं किया कि किन किन आफ़ात ने इस्लाम को घेरा हुआ है। क्या उस वक़्त तुम को यह ख़बर नहीं मिली कि किस क़दर लोग इस्लाम से निकल गए किस क़दर ईसाइयों में जा मिले किस क़दर दहरिया और तबह हो गए और किस क़दर शिर्क और बिद्दत ने तौहीद और सुन्नत की जगह ले ली और किस क़दर इस्लाम के रद्द के लिए किताबें लिखी गईं और दुनिया में शाय की गईं। अतः तुम अब सोच कर कहो कि क्या अब ज़रूरत नहीं थी कि ख़ुदा तआला की तरफ़ से इस सदी पर कोई ऐसा शख़्स भेजा जाता जो बैरूनी हमलों का मुक़ाबला करता। यदि ज़रूर थी तो तुम जान बूझ कर नेअमत को रद्द मत करो और उस शख़्स से मुनहरिफ़ मत हो जाओ जिसका आना इस सदी पर इस सदी के मुनासिब-ए-हाल ज़रूरी था और जिसकी इबतेदा से नबी करीम ने ख़बर दी थी।"

(आईना कमालात-ए-इस्लाम, रुहानी ख़ज़ायन भाग 5 पृष्ठ 251 से 253)

फिर आप अलैहिस्सलाम ने किसी आने वाले शख़्स की सच्चाई के परखने के मयार का वर्णन करते हुए फ़रमाते हैं कि "किसी शख़्स के सच्चा मानने के लिए यह ज़रूरी नहीं कि इस की खुली खुली ख़बर किसी आसमानी किताब में मौजूद भी है। यदि यह शर्त ज़रूरी है तो किसी नबी की नबुव्वत साबित नहीं होगी।

असल हक़ीक़त यह है कि किसी शख़्स के दावा-ए-नबुव्वत पर सबसे पहले ज़माना की ज़रूरत देखी जाती है। फिर यह भी देखा जाता है कि वह नबियों के निर्धारित करदा वक़्त पर आया है या नहीं। फिर यह भी सोचा जाता है कि ख़ुदा ने उस की सहायता की है या नहीं। फिर यह भी देखना होता है कि दुश्मनों ने जो एतराज़ उठाए हैं इन एतराज़ात का पूरा पूरा जवाब दिया गया या नहीं। जब ये समस्त बातें पूरी हो जाएं तो मान लिया जाएगा कि वह इन्सान सच्चा है अन्यथा नहीं।

अब साफ़ ज़ाहिर है कि ज़माना अपनी ज़बान-ए-हाल से फ़र्याद कर रहा है कि इस वक़्त इस्लामी तफ़र्रुक़ा के दूर करने के लिए और बैरूनी हमलों से इस्लाम को बचाने के लिए और दुनिया में गुम-शुदा रूहानियत को दुबारा क़ायम करने के लिए

बिलाशुबा एक आसमानी मुस्लेह की ज़रूरत है जो दुबारा यक़ीन बख़श कर ईमान की जड़ों को पानी देवे। और इस तरह पर बदी और गुनाह से छुड़ा कर नेकी और रास्ती की तरफ़ रुजू देवे।

अतः ऐन ज़रूरत के वक़्त में मेरा आना ऐसा ज़ाहिर है कि मैं ख़्याल नहीं कर सकता कि बजुज़ सख़्त द्वेष के कोई इस से इंकार कर सके। और दूसरी शर्त अर्थात यह देखना कि नबियों के निर्धारित करदा वक़्त पर आया है या नहीं। यह शर्त भी मेरे आने पर पूरी हो गई है क्योंकि नबियों ने यह भविष्यवाणी की थी कि जब छटा हज़ार ख़त्म होने को होगा तब वह मसीह मौऊद ज़ाहिर होगा। अतः क़मरी हिसाब की दृष्टि से छटा हज़ार जो हज़रत आदम के ज़हूर के वक़्त से लिया जाता है मुद्दत हुई जो ख़त्म हो चुका है और शमसी हिसाब की दृष्टि से छटा हज़ार ख़त्म होने है।" वह भी हो चुका है। "अतिरिक्त उसके हमारे नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने यह फ़रमाया था कि हर एक सदी के सिर पर एक मुजद्दिद आएगा जो दीन को ताज़ा करेगा और अब इस चौधवीं सदी में से इक्कीस साल गुज़र चुके हैं।' जब आप अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया यह उस वक़्त की बात है। "और बाईसवां गुज़र रहा है। अब क्या यह इस बात का निशान नहीं कि वह मुजद्दिद आगया।"

(लैक्चर लाहौर, रुहानी ख़ज़ायन भाग 20 पृष्ठ 194-195)

ग़ैर लोग मानें या न मानें। हमारे मुख़ालेफ़ीन हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की सच्चाई को तस्लीम करें या न करें लेकिन यह तो पुकार पुकार कर अब ख़ुद भी कह रहे हैं और हर जगह यह कहा जा रहा है कि इस्लाम में किसी महदी और मुस्लेह की ज़रूरत है जो इस्लाम की क्षति को सँभाले लेकिन जो आने वाला है वह इन भविष्यवाणियों के अनुसार आया और जो वक़्त की ज़रूरत के अनुसार आया उसको मानने को तैयार नहीं।

इसी तरह हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने दावा ही नहीं किया बल्कि अपनी सच्चाई की सहायता में बेशुमार निशानात भी पेश फ़रमाए हैं। इन सबका, समस्त का वर्णन करना तो यहां मुम्किन नहीं है। इसलिए एक जगह आप अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं कि "एक अज़ीमुश्शान निशान यह है कि आज से तेईस बरस पहले बराहीन-ए--अहमदिया में यह इलहाम मौजूद है कि लोग कोशिश करेंगे कि इस सिलसिला को मिटा दें और हर एक मकर काम में लाएँगे परंतु मैं इस सिलसिला को बढ़ाऊँगा और कामिल करूँगा और वह एक फ़ौज हो जाएगी। और क़ियामत तक उनका ग़लबा रहेगा और मैं तेरे नाम को दुनिया के किनारों तक शौहरत दूँगा और जौक़ दर जौक़ लोग दूर से आएँगे और हर एक तरफ़ से माली मदद आएगी। मकानों को वसीअ करो कि यह तैयार आसमान पर हो रही है। अब देखो "फ़रमाते हैं कि "देखो किस ज़माना की यह भविष्यवाणी है जो आज पूरी हुई। यह ख़ुदा के निशान हैं जो आँखों वाले उनको देख रहे हैं परंतु जो अंधे हैं उनके नज़दीक अभी तक कोई निशान ज़ाहिर नहीं हुआ।"

(नुज़ूलुल-मसीह, रुहानी ख़ज़ायन भाग 18 पृष्ठ 384-385)

आज भी जमाअत अहमदिया की तरक़्क़ी और हर वर्ष लोगों का लाखों की संख्या में जमाअत में शामिल होना, क़ुर्बानियों में बढ़ना आप की सच्चाई का सबूत है। आज दुनिया का कोई मुल्क ऐसा नहीं जहां आप का पैग़ाम न पहुंचा हो, जहां आप के पैग़ाम की वजह से सईद रूहों को इस्लाम की तरफ़ तवज्जा पैदा न हुई हो और उन्होंने इस्लाम क़बूल नहीं किया हो बल्कि कुछ जगह ऐसे वाक़ियात हैं कि अल्लाह तआला ने ख़ुद लोगों की राहनुमाई फ़रमाई है और वह जमाअत में हुए।

मुख़ालेफ़ीन की मुख़ालिफ़त के बावजूद अफ़राद-ए-जमात के ईमान को अल्लाह तआला ने मज़बूत फ़रमाया और फ़रमाता चला जा रहा है।

अतः आज भी जो हम अल्लाह तआला की सहायता के नज़्ज़ारे देख रहे हैं यह एक अहमदी के लिए मज़बूती ईमान का ज़रीया हैं। कुछ लोगों के वाक़ियात में इस वक़्त पेश करना चाहता हूँ।

बाबाईयो इस्लाम बैक (Boboev Islombek) साहिब रूसी हैं किर्गीज़ स्तान के हैं। कहते हैं कि मेरा ताल्लुक़ किर्गीज़स्तान में काशग़र कुशलाक से है और कहते हैं मेरे ख़त लिखने की वजह यह है कि मैं हज़रत इमाम महदी अलैहिस्सलाम की बैअत करते हुए हक़ीक़ी इस्लाम अर्थात जमाअत में शामिल हो रहा हूँ। अहमदियत में शामिल होने की वजह यह है कि हज़रत इमाम महदी अलैहिस्सलाम ने इस्लाम की ख़ूबियों को बहुत उम्दा तरीक़ पर वर्णन किया है। मुझे यक़ीन हो गया है कि केवल इमाम महदी ही इस तरह इस्लाम की ख़ूबियों को वर्णन कर सकते हैं। फिर लिखते हैं कि मेरे लिए दुआ करें कि अल्लाह तआला मुझे मुत्तक़ी बना दे और दस शरायत-ए-बैअत पर अमल करने वाला बना दे। यह एक दूर-दराज़ के इलाक़े में बैठे हुए शख़्स का वर्णन है। अब एक जगह नहीं हर मुल्क में यह हाल है।

कांगो का एक सूबा मनियमा (Maniema) है। वहां एक जगह है रोडिका (Rodika) वहां एक ईसाई दोस्त फ़िरोज़ माजिक साहिब हैं। इन तक जमाअत के पमफ़लट पहुंचे जिस में हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की आमद और जमाअत अहमदिया में निज़ाम-ए-ख़िलाफ़त की नेअमत का वर्णन था तो इस को पढ़ कर उनकी काया पलट गई। कहने लगे मैं इसी इस्लाम की तलाश में था। बैअत करके अहमदियत में शामिल हो गए। इसी तरह एक और दोस्त हुसैन साहिब ने भी जमाअत के पमफ़लेट पढ़ कर न केवल बैअत कर ली बल्कि उन्होंने आगे तब्लीग़ भी शुरू कर दी और उनकी तब्लीग़ से ही अब तक जब यह रिपोर्ट आई थी पाँच लोग उन्होंने अहमदियत में दाख़िल कर लिए। इस तरह लोग केवल ख़ुद ही नहीं शामिल हो रहे बल्कि तब्लीग़ भी कर रहे हैं और ये पुराने अहमदियों के लिए भी चिंता का विषय है कि उनको भी तब्लीग़ की तरफ़ तवज्जा देनी चाहिए।

फिर तनज़ानिया का एक रीजन है श्यानगा। वहां की एक जमाअत है मूंगालांगा (Mwangalanga) यहां जमाअत में जब अहमदियत का आग़ाज़ हुआ तो शुरू में अहमदी अहबाब दरख़्तों के साय में नमाज़ें अदा किया करते थे। इसी दौरान वहां पर एक शख़्स मुहम्मद फ़ोनिगूँगा (Fungagunga) ने जमाअत की शदीद मुख़ालेफ़त शुरू कर दी और चंद अहबाब से मिल कर प्रसिद्ध कर दिया कि यह अहमदी तो मुस्लमान ही नहीं हैं और हम मुस्लमान जल्द ही यहां मस्जिद बनाएंगे। इस शख़्स ने एक साहब-ए-हैसियत महिला की ज़मानत भी ले ली कि वह मस्जिद के लिए रक़म देगी। दूसरी तरफ़ जब एक मुख़लिस अहमदी रमज़ान साहिब ने अपनी ज़मीन मस्जिद के लिए वक़्फ़ की तो उस शख़्स ने बहुत कोशिश की कि किसी तरह यह ज़मीन ग़ैर अज़ जमाअत मुस्लमानों को मिल जाए परंतु वह अहमदी साबित-क़दम रहे यहां तक कि जमाअत की मस्जिद बनना शुरू हुई और पाया-ए-तकमील तक पहुंच गई। इस अस्ना में जमाअत अहमदिया की तब्लीग़ इस मुख़ालिफ़ शख़्स के घर तक पहुंची। अब यह मुख़ालेफ़त कर रहा है और इसके घर भी अहमदियत का पैग़ाम पहुंच गया और

अल्लाह तआला ने इस की बीवी और बच्चों को अहमदियत क़बूल करने की तौफ़ीक़ बख़शी और अब वह अपनी मुख़ालेफ़त मैं अकेला रह गया है। अब यदि इस शख़्स में अक़ल हो और इस जैसे बहुत से ऐसे लोग हैं तो उनके लिए यही निशान काफ़ी है कि बावजूद मुख़ालेफ़त के अल्लाह तआला ने इस के बीवी बच्चों के दिल में हक़ीक़ी इस्लाम का जोश पैदा किया और उसका कोई ज़ोर नहीं चला। यह ईमान, यह तबदीली कोई इन्सान पैदा कर सकता है। हरगिज़ नहीं। यह सिर्फ़ अल्लाह तआला के विशेष फ़ज़ल से ही होता है।

फिर एक और मिसाल है ईमान की मज़बूती की, अल्लाह तआला की सहायता की अर्जनटाइन अब एक दूर से अमरीका के इलाक़े में बिल्कुल दूसरा इलाक़ा है। एक अफ़्रीक़ा चल रहा है। कोई रूस चल रहा है। कभी अमरीका है। वहां की एक महिला हैं मारीला (Mariela) साहिबा उन्होंने इस्लाम क़बूल किया था लेकिन वह मुस्लमानों के अमली व्यवहार की वजह से इस्लाम से दूर जा रही थीं। अहमदी नहीं हुई थीं। इस्लाम क़बूल कर लिया था। जब वह जमाअत अहमदिया से परिचित हुई और वह मिशन हाऊस आकर हमारी अरबी और इस्लाम क्लासिज़ में शामिल होती रहीं और कुछ माह बाद बैअत कर के जमाअत में शामिल हो गईं। कहने लगी कि मुझे बैअत कर के संतोष हुआ है क्योंकि मैंने जमाअत की तालीमात और अमल में समानता पाई है और हक़ीक़ी प्रेम की फ़िज़ा महसूस की है

इस में हर एक को चाहे नया आने वाला हो ख़िदमत का अवसर दिया जाता है और किसी किस्म की discrimination नहीं है, फ़र्क़ नहीं है। उनकी बेटी जोकि ग़ैरमुस्लिम है वह सुन्नी इस्लामिक सैंटर में पढ़ रही थी, यह उनका हाईस्कूल था। अरबों ने वहां पैसा ख़र्च किया हुआ है। जब स्कूल की ऐडमिनिस्ट्रेशन को उस की माता के जमाअत में शामिल होने का पता चला तो उस पर दबाओ डालना शुरू कर दिया और जमाअत के ख़िलाफ़ प्रोपेगंडा करते रहे। जब स्कूल वालों को इलम हुआ कि उनकी बेटी ने अपने स्कूल के प्राजैक्ट के तहत अपनी ज़ाती ख़ाहिश से जमाअत के मिशन हाऊस के लिए सजावट के piecesभी तैयार किए हैं तो इस पर स्कूल की इंतेज़ामिया सख़्त नाराज़ हुई और इस बच्ची को कहा कि जमाअत अहमदिया की हिमायत मैं तुम्हारे लिए स्कूल में मुश्किलात होंगी। तुम और तुम्हारी माता जमाअत से अलैहदा हो जाओ। जब उसकी माता को इलम हुआ तो उसने फ़ौरन बग़ैर किसी तरद्दुद के ख़ुद ही अपनी बेटी का इस इस्लामी स्कूल से तबादला करवा लिया और कहने लगी कि अब मुझे भी और मेरी बेटी को भी तसकीन है कि हमें कोई भी हमारे मज़हब के आधार पर तंग नहीं करेगा। मैंने जमाअत को हक़ ख़्याल करते हुए क़बूल किया है तो फिर मैं ग़ैरों के सामने भी ख़ुशी और फ़ख़र से इस का इज़हार करूँगी चाहे उन्हें बुरा ही लगे। यह ईमान है जो उन लोगों में पैदा हो रहा है।

बुख़ारा जो रशिया का इलाक़ा है वहां एक मुख़लिस अहमदी सुन्नत सुल्तानोविच साहिब हैं उज़बेकिस्तान से उनका ताल्लुक़ है और रशिया में मुलाज़मत करते हैं। कहते हैं कि मैं अकेला ही अहमदी हूँ और अपनी पत्नी और बच्चे को इस्लाम अहमदियत की तालीमात से परिचित कराता रहता हूँ। शौक़ है कि मेरे बीवी बच्चे भी अहमदी हो जाएं। बहुत दुआ करता हूँ कि अल्लाह तआला उन्हें भी इस्लाम अहमदियत के नूर से मुनव्वर करे। कहते हैं मैं ने ख़ाब में देखा कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम मेरी ख़ाब में आए और मेरे दिल पर सिर रख कर नियमित सूरह इख़लास की तिलावत फ़र्मा रहे हैं जिससे मुझे बहुत ही दिल का सुकून मिला। इसी तरह मैंने ख़ाब में देखा कि मैं जन्नत में अपनी पत्नी और बेटे के साथ मौजूद हूँ और वहां मैंने हज़रत मूसा अलैहिस्सलाम और हज़रत ईसा अलैहिस्सलाम को भी देखा। मुझे इस ख़ाब से यह संतोष मिला कि जन्नत से मुराद इस्लाम अहमदियत है जिसकी तालीम जन्नत नुमा है और अल्लाह तआला अपने फ़ज़ल से मेरी पत्नी और बेटे को भी इस जन्नत में लेकर आएगा। अभी इस ख़ाब को चंद दिन हुए थे कि अल्लाह तआला ने मेरे उन्नीस वर्ष के बेटे दियार बैग संत का दिल इस्लाम अहमदियत के लिए खोल दिया और उसने बैअत कर ली है। मेरे लिए बड़ा ख़ुशी का दिन था। अलफ़ाज़ में वर्णन करना मुम्किन नहीं। अल्लाह तआला इसी तरह मेरी पत्नी के दिल को भी खोले और इस्लाम अहमदियत की आग़ोश में ले आए। तो यह जोश और जज़बा है उन लोगों का यू. के की एक नौ-मुबाइना हैं। कहती हैं। मेरा मुस्लमान बैकग्रांऊड है। कट्टर सुन्नी फ़ैमिली से ताल्लुक़ था। कहती हैं हमें यही बताया गया था कि सुन्नी इस्लाम ही असल इस्लाम है। एक रोज़ कहती हैं मैंने अपनी यूनीवर्सिटी के क़रीब जलनघम्मीं मस्जिद नासिर में अज़ान सुनी तो मैंने घर आकर अपने वालिद को बहुत ख़ुश हो कर बताया कि हमारी यूनीवर्सिटी के क़रीब एक ख़ूबसूरत मस्जिद भी है। इस पर मेरे वालिद साहिब ने तहक़ीक़ की तो पता चला कि यह तो अहमदियों की मस्जिद है। बहुत सख़्ती से मुझे मना किया कि यह मस्जिद क़ादियानियों की है और वे ख़त्म नबुव्वत पर यक़ीन नहीं रखते। झूठ है यह इल्ज़ाम। और उन्होंने अपना नबी बनाया हुआ है इत्यादि इत्यादि। इसलिए तुम इस मस्जिद से दूर रहना। कहती हैं मैंने शुरू में तो उनकी बात मान ली लेकिन मेरा दिल नहीं माना। मुझे लगा कि मुझे अहमदियों के मुताल्लिक़ मज़ीद तहक़ीक़ करनी चाहिए लेकिन दूसरी तरफ़ घर वालों का ख़ौफ़ भी था कहीं पकड़ी न जाऊं और फिर वह नाराज़ न हों। यू-नीवर्सिटी में चंद अहमदी विद्यार्थियों से भी मुलाक़ात हुई जिनसे इस्लाम अहमदियत के मुताल्लिक़ तफ़सीली गुफ़्तगु होती रही। पहले मैं उनको यह साबित करने की कोशिश करती रही कि सुन्नी इस्लाम ही असल इस्लाम है लेकिन इस किस्म की गुफ़्तगु से मेरा अहमदियत के मुताल्लिक़ रिसर्च करने का शौक़ बढ़ता रहा। फिर मुझे जमाअत अहमदिया की वेबसाइट का पता चला, वहां भी मुझे काफ़ी वीडीयोज़ देखने को मिलीं और काफ़ी मवाद पढ़ने को मिला। मेरे इस्लाम के मुताल्लिक़ कुछ सवालात थे जिनके मुझे कहीं से तसल्ली बख़श जवाबात नहीं मिलते थे लेकिन जब मैंने जमाअत अहम-दिया के लिटरेचर का मुताला किया तो मुझे मेरे मतलूबा सवालात के जवाब मिलने शुरू हो गए। अब अहमदी नौजवानों को भी ग़ौर करना चाहिए कि यदि वे सही तरह इलम हासिल करने की कोशिश करें तो उत्तर मिल जाऐंगे बजाय उसके कि ग़ैरों से मुतास्सिर होते रहीं। कुछ नौजवान मुतास्सिर हो भी जाते हैं। कहती हैं फिर मैंने दुआएं शुरू कर दें कि अल्लाह तआला मुझे कोई निशान दिखलाएं। यह भी हिदायत की तरफ़ आने का और सही रास्ता तलाश करने का एक बहुत बड़ा ज़रीया है।

चाहे वह पुराने अहमदी हैं या नए, अल्लाह तआला से यह दुआ करनी चाहिए कि हमारा ईमान मज़बूत रहे और हमें निशान भी कोई दिखा और हिदायत देता रहे।

तो बहरहाल कहती हैं इस अरसा में मैं ने बहुत सी ख़्वाबें देखें। एक ख़ाब में मैं ने देखा कि मैं दरिया के किनारे पर हूँ और दूसरे किनारे पर हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह अल्-राबे रहमहुल्लाह किसी हाल में तशरीफ़ ले जा रहे हैं। मैं दरिया उबूर करके दूसरे किनारे पर जाना चाहती हूँ लेकिन पानी का बहाव तेज़ है। इस पर हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह अल् राबे रहमहुल्लाह फ़रमाते हैं कि ख़ुदा अपने बंदे को तन्हा नहीं छोड़ता। इस के साथ ही वह दरिया ख़त्म हो जाता है और मैं दूसरी तरफ़ पहुंच जाती हूँ। इसी तरह एक ख़ाब में उन्होंने मुझे भी देखा और इस हालत में देखा जिससे वे बहुत प्रभावित हुईं। एक और ख़ाब में यह कहती हैं मैंने अपनी दादी को देखा वह मुझे कह रही थीं कि जब इस्लामाबाद जाओ तो मुझे भी याद रखना। कहती हैं ये समस्त ख़्वाबें मेरे लिए वाज़िह निशान थीं। इसलिए मैंने बैअत कर ली। अब इस तरह उंगली पकड़ कर अह-मदियत की तरफ़ लेकर आना और दिल में ईमान की मज़बूती पैदा करना यह अल्लाह तआला के ताईदी निशान नहीं तो और किया है।

फिर देखें अफ़्रीक़ा का एक मुलक है इस के गांव में अल्लाह तआला ने इस शख़्स को अहमदियत क़बूल करने की तौफ़ीक़ देने के बाद फिर किस तरह ईमान में मज़बूती अता फ़रमाई बुर्कीना फासो के डोरी रीजन की जमाअत टॉक्का (Taka) के एक अहमदी ख़ादिम जाबिर साहिब खेतों में काम कर रहे थे। दहश्तगरदों ने पकड़ लिया और कहा जिस तरह कल हमने महदी आबाद में अहमदियों को मारा है तुम्हें भी क़तल कर देंगे। फिर उनका मोबाइल फ़ोन ले के चैक किया तो इस में से जमाअती मुबल्ले-ग़ीन की तक़ारीर मिलीं। तक़ारीर सुन कर कहने लगे कि हम इन सबकी तलाश में हैं क्योंकि यह रेडियो पर अहमदियत की तब्लीग़ करते हैं। इस तरह अहमदी ख़ादिम से इसके वालिद साहिब का पता पूछा और कहा कि कल हम तुम्हारे गांव आएँगे। जाबिर साहिब को जब यह पता लगा तो वह घर आए और अपने वालिद और घर वालों को लेकर उसी रात मुहम्मद आबाद जो डोरी में है और जहां जमाअत की आबादी है वहां आ गए और अब घर-बार और सामान इत्यादि सब कुछ छोड़ छाड़ दिया। अगले रोज़ दहश्तगर्द उनके गांव आए और एक शख़्स से ज़बरदस्ती उनके घर का पता मालूम कर के वहां पहुंचे। पूरे घर की तलाशी ली। सामान उठा कर बाहर फेंक दिया और यह साथ कहते रहे कि यहां जो भी अहमदी है उसे क़तल कर देंगे। बहरहाल वह तो वहां से आ गए थे और इस वक़्त जमाअती इंतेज़ाम के तहत वहां मुहम्मद-आबाद में रहते हैं।

बुर्कीना फासो के शहीदों ने अपनी जान देकर वहां के अहमदियों का ईमान कमज़ोर नहीं किया बल्कि हर-रोज़ उनके ईमान में मज़बूती आ रही है।

अब इन ग़रीब लोगों ने अपना थोड़ा बहुत जो भी सामान था, घर में घर-बार और जो रोज़ी का सामान था जिस पर उनका इन्हिसार था सब कुछ छोड़ दिया लेकिन अपना ईमान नहीं छोड़ा। इन लोगों को अहमदियत क़बूल किए अभी चंद साल गुज़रे हैं लेकिन ईमान में तरक़्क़ी करते चले जा रहे हैं। यह अल्लाह तआला की ज़ात के इलावा कोई और हस्ती नहीं जो इस तरह उनके ईमानों को मज़बूत कर रही है।

एक तरफ़ तो अहमदियत की मुख़ालेफ़त के बावजूद ईमान की मज़बूती के हम नज़्ज़ारे देखते हैं और दूसरी तरफ़ यह भी कसरत से नज़र आता है कि किस तरह ख़ुदा तआला लोगों के दिलों को हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के मानने के लिए खोल

रहा है। आप अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया यह वक़्त है तलाश करो अल्लाह तआला भी फिर इस में मदद करता है।

सेंट्रल अफ़्रीक़ा में एक जगह है यलोके (Yaloke) वहां मुअल्लिम कहते हैं कि हम तब्लीग़ के लिए गए तो वहां डेढ़ सौ अफ़राद पुरुष और महिलाएं तब्लीग़ सुनने के लिए जमा हो गए। कहते हैं मैंने हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की आमद के निशानात प रतक़रीर की और बाद में सवाल-ओ-जवाब किए गए। वहां के सेंट्रल इमाम सइमसह उम्र (Samasa Omer) साहिब ने बात करने की इजाज़त चाही और अपनी बात का आग़ाज़ इस आयत से किया कि जाए कि (बनी इसराईल : 82)और फिर कहा कि आपने जो पैग़ाम दिया है हमने न कभी सुना और न ही रिसर्च की। अलहमदो लिल्लाह कि आज हमारे गांव में सच्चाई आ गई है। आंहुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने जो फ़रमाया है कि इमाम महदी अलैहिस्सलाम जब आए तो फ़ौरन क़बूल कर लेना आज मैं ख़ुद और मेरे चालीस साथी जमाअत अहमदिया मुस्लिमा में दाख़िल होते हैं और कहने लगे अल्लाह तआला हमें इस सच्चाई पर क़ायम रहने की तौफ़ीक़ दे। तो इस तरह लोग शामिल हो रहे हैं।

फिर अल्लाह तआला मुख़ालेफ़ीन को भी किस तरह जमाअत की तरफ़ खींच कर ले आता है इस के भी बेशुमार वाक़ियात हैं माली

की कोली गोरों रीजन का है, वहां की एक जगह है नमना। कहते हैं इस साल वहां कोली कौरवो जमाअत ने अपना रीजनल जलसा आयोजित किया तो इस से पहले रेडियो पर ऐलान किए गए। इस गांव के दूर होने की वजह से कभी रेडियो उधर सुनाई देता है कभी नहीं देता लेकिन इन दिनों रेडियो वहां सुनाई दिया और एक ग़ैर अहमदी दोस्त सिद्दीक़ जरा साहिब ने सुनके जलसा में शमूलीयत का इरादा कर लिया। उनके साथ उनके एक दोस्त थे जो उनको अहमदियत की तालीमात को न सुनने पर क़ाइल करते रहते थे। कहते रहते थे कि अहमदियत को न सुना करो यह तो काफ़िर लोग हैं लेकिन बहरहाल उनके इसरार पर ये दोनों दोस्त जलसा पर आगए और इसी किलो मीटर का फ़ासिला मुसीबतों से तै किया। सड़कें तो वहां हैं नहीं। बहरहाल पूछते पूछाते जलसा से दो दिन पहले जलसा की जगह पर पहुंच गए। मुक़ामी सदर साहिब ने और अहबाब जमाअत ने उनकी मेहमान-नवाज़ी की। जलसा से क़बल ही उनको अहम-दियत के बारे में परिचय हो गया। जलसा के दिनों में उन्होंने तक़ारीर सुनी। बाजमाअत तहज्जुद की अदायगी और मैंबरान जमाअत का आपस में प्यार और ख़ुलूस का ताल्लुक़ देखा तो बहुत मुतास्सिर हुए। जलसा के आख़िरी दिन जब उनको बतौर मेहमान अपने तास्सुरात का इज़हार करने के लिए बुलाया गया तो उन्होंने सारा वाक़िया वर्णन करते हुए अहमदियत क़बूल करने का ऐलान किया। इस के फ़ौरन बाद उनके साथी ने कुछ वर्णन करना चाहा तो उसने कहा कि हक़ीक़त में मैं अपने दोस्त को बदज़न करने आया था लेकिन अब मैं ख़ुद अहमदियत का क़ायल हो गया हूँ और उसने भी अहमदियत क़बूल कर ली।

कांगो बराज़ा वेल यह भी अफ़्रीक़ा का एक मुलक है। एक नौजवान सी साहिब ने एफ़ ए की, हाइर सैकण्डरी स्कूल की तालीम मुकम्मल की और एक गांव के कैथोलिक मिशनरी से ईसाइयत की तालीम हासिल करनी शुरू कर दी और इस मिशनरी तालीम के बाद उसने चर्च के ज़रीया से ही यूनीवर्सिटी जाना था। इस दौरान उसका राबिता हमारे मुक़ामी मुबल्लिग के साथ हो गया। कहते हैं उस को हमने तब्लीग़ शुरू की। उसने देखा कि जमाअत अहमदिया के दलायल का उसके पास, न ही उसके टीचर मिशनरी के पास कोई जवाब है। इस तरह उसने ईसाई मिशनरी बनने की बजाय बैअत करके जमाअत अहमदिया में शमूलियतयत इख़तेयार कर ली और अब बतौर दाई इलाल्लाह अहमदियत की तब्लीग़ कर रहा है

सेनेगाल का रीजन तांबा कोन्डा है। वहां के एक इलाक़े में तब्लीग़ का प्रोग्राम बनाया गया। कहते हैं वहां चंद साल क़बल एक शख़्स ने अपने बीवी बच्चों के साथ अहमदियत क़बूल की थी लेकिन गांव के लोग मुख़ालेफ़त कर रहे थे। इस साल गांव के चीफ़ और इमाम से बार-बार मुलाक़ात कर के तब्लीग़ी प्रोग्राम बनाया गया। गिर्द--ओ-नवाह के गांव के चीफ़ और इमामों के साथ आम लोगों को भी दावत दी गई। मोअल्लेमीन ने इस्लाम की मौजूदा हालत, मसीह मौऊद की ज़रूरत, और क्या इस ज़माने में ज़रूरत भी है? मसीह मौऊद की आमद और इस्लाम की तरक़्क़ी में जमाअत अहमदिया का किरदार के विषय पर तक़ारीर कीं। इसके बाद सवाल-ओ-जवाब हुए। क़रीबी गांव से जो लोग आए थे कहने लगे कि उन्होंने अहमदियत का नाम हमसाया मुल्क गेम्बया में सुना था परंतु वे अक़ायद इत्यादि के मुताल्लिक़ नहीं जानते थे। आज इस जलसा में जमाअत के अक़ायद के मुताल्लिक़ वज़ाहत सुनकर बग़ैर किसी सवाल के उन्होंने अहमदियत में शमूलियत का ऐलान किया। इस के बाद गांव के इमाम ने खड़े हो कर अहमदियत की सच्चाई का ऐलान किया। इसके दिहात के चीफ़ ने अपनी फ़ैमिली के साथ अहमदियत में दाख़िल होने का ऐलान किया और कहा कि यदि किसी को भी समस्त हाज़ेरीन में से कोई शक है तो यहां वर्णन कर दे अन्यथा बाद में कोई हीला बहाना नहीं होगा। इसके बाद समस्त हाज़ेरीन ने अपने ख़ानदानों समेत अहम-दियत में दाख़िल होने का ऐलान किया। इस तरह अल्लाह तआला पकड़-पकड़ कर भी लाता है।

उज़बेकिस्तान जो रशियन स्टेटस में से एक मुलक है। वहां मुस्लेमूमंसूर साहिब नौ-मुबाइन हैं। कहते हैं पहले मैं इमाम अबू-हनीफ़ा मसलक से ताल्लुक़ रखता था। एक दिन मेरा दोस्त अरबी सीखने की उद्देश्य से मुझे एक अहमदी उस्ताद के पास ले गया। मैं अरबी सीखने के साथ साथ अपने उस्ताद से इस्लाम के मुताल्लिक़ भी सवालात पूछता रहा। मुझे इतने अच्छे जवाबात मिलते कि मेरा दिल संतुष्ट हो जाता था।

यदि सही जवाब लेने हैं, दिल को लगने वाले मंतक़ी जवाब भी हों और हक़ीक़त भी हो तो वह सिवाए जमाअत अहमदिया के कहीं और मिल नहीं सकते क्योंकि हमें हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने यह उत्तर दिए हैं, उनकी वज़ाहत फ़रमाई है।

कहते हैं जब मैं उनसे पूछता कि इन जवाबात के असल चश्मे कहाँ हैं? इस चश्मे का ताल्लुक़ कहाँ से है? असल कहाँ से मिल सकते हैं? तो हमारे उस्ताद ने हमें जमाअत अहमदिया का परिचय करवाया। कहते हैं मेरा दिल तो पहले ही संतुष्ट हो चुका था। इसलिए मैं बैअत कर के जमाअत में शामिल हो गया। मेरे लिए दुआ करें कि अल्लाह तआला मुझे इस राह में साबित-क़दम रखे।

अल्लाह तआला न केवल लोगों पर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की सच्चाई साबित फ़रमाता है बल्कि ख़िलाफ़त अहमदिया के निज़ाम के साथ अपनी सहायता के नज़्ज़ारे भी दिखाता है और ख़ाब के ज़रीया पहले ही उन्हें मज़बूत कर देता है।

सेनेगाल में रीजन तांबा कोन्डा है। वहां के मुअल्लिम तब्लीग़ी दौरे पर गए। कहते हैं मोअल्लेमीन ने यहां तब्लीग़ शुरू की, जमाअत का परिचय किराया तो एक दोस्त मुहम्मद जियालो ने कहा क्या आप अहमदिया जमाअत से हैं? मुअल्लिम साहिब ने इस्बात में जवाब दिया तो जियालो साहिब ने कहा कि पिछले रोज़ ही उसने ख़ाब में देखा कि एक शख़्स उसके ख़ाब में आए और इस से हैं इस्लाम के समस्त फ़िर्क़ों में से फ़िर्क़ा अहमदिया ही सच्चा और सही इस्लाम का अनुवादक है।

तुम इस में दाख़िल हो जाओ। अब अगले ही दिन आप लोग आ गए हैं तो बहरहाल इस में कुछ सच्चाई यक़ीनन होगी। मुअल्लिम साहिब ने इस को मोबाइल से खलिफ़ा की तस्वीरें दिखाएंगे। मेरी तस्वीर भी उनको दिखाई और मेरी तस्वीर देखकर उन्होंने बताया कि यही शख़्स है जो मुझे ख़ाब में आया था और यह भी कहा था कि मैं जमाअत अहमदिया का ख़लीफ़ा हूँ। यह वाक़िया सुना कर उस की आँखें नमनाक हो गईं और वहीं अपने ख़ानदान समेत उन्होंने बड़े जज़बाती हो कर अहमदियत में दाख़िल होने का ऐलान किया। अब वह तब्लीग़ भी कर रहे हैं। फिर ख़ाब के ज़रीया ही क़बूल-ए--अहमदियत का एक और वाक़िया है कांगो किंशासा बिल्कुल एक और मुल्क और कई सैंकड़ों मीलों का फ़ासिला है। वहां एक जगह के सदर जमाअत बासिम मुनीर साहिब हैं। ईसाइयत से अहमदी हुए थे। कहते हैं जब जमाअत के मुबल्लग़ीन यहां तब्लीग़ के लिए आए तो मैं इस्लाम को दहशतगर्द मज़हब समझता था। यही प्रोपेगंडा है नाँ ग़ैर मुस्लिमों का इस्लाम के बारे में। लेकिन जिस इस्लाम की बातें अहमदी मुब-ल्लिग़ करते थे वह मेरे लिए अजीब था और ईसाइयत से मैं वैसे ही उकता चुका था। ये सब देखकर मैं बहुत परेशान था। इसलिए मैंने दुआ करनी शुरू कर दी। इसी दौरान एक रात मैंने ख़ाब देखा कि एक बुज़ुर्ग आकर कहते हैं कि उनको छोड़ दो और इस तरफ़ आ जाओ। इस बात की ताबीर अल्लाह तआला ने मुझे यह समझाई कि तुम ईसाइयत को तर्क कर के अहमदियत की तरफ़ आ जाओ। इसलिए मैंने बैअत कर के अहमदियत में शमूलियत इख़तेयार कर ली।

चाड अफ़्रीक़ा का एक और मुल्क है और यहां का एक और वाक़िया है। अब्दुल्लाह मुहम्मद मूसा जो अरब क़बीले से ताल्लुक़ रखते हैं, कहते हैं हमारे यहां के मुबल्लिग़ इंचार्ज ने लिखा कि चंद माह पहले हमारे लोकल मुअल्लिम की उनसे मुलाक़ात हुई। मुअल्लिम साहिब ह्यूमैनिटी फ़रस्ट के काम के सिलसिला में उनके इलाक़े में भी गए। जब मुअल्लिम साहिब दूसरी दफ़ा उनके इलाक़े में गए तो उनको हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की किताब इस्लामी उसूल की फ़िलोसफ़ी जो अरबी अनुवाद में थी पढ़ने के लिए दी। कुछ हफ़्तों के बाद अब्दुल्लाह साहिब दारुल हकूमत चाड में आए और मुअल्लिम से संपर्क किया और वफ़ात-ए-मसीह के मुताल्लिक़ सवालात किए और कहा कि मैंने हयात-ए-मसीह के मुताल्लिक़ उल्मा से बहुत पूछा है लेकिन किसी ने तसल्ली बख़श जवाब नहीं दिया। रात को मुअल्लिम साहिब के पास रहा। रात-भर

जमाअत अहमदिया और हज़रत-ए-अक़्दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के विषय में प्रश्न करते रहे और कहा कि अल्लाह तआला से दुआ करता हूँ कि अल्लाह तआला मेरी राहनुमाई फ़रमाए। सुबह फ़ज्र की नमाज़ के बाद थोड़ी देर के लिए सोए और अचानक बेदार हो गए और मुअल्लिम साहिब को कहने लगे जब मैं सौ रहा था तो ख़्वाब में यह आवाज़ मैंने सुनी।يَّاۡتِیۡ مِنۡۢ بَعۡدِی اسۡمُہٗۤ اَحۡمَدُ (अल् सफ़ : 7)मुअल्लिम साहिब ने जब इस आयत के मुताल्लिक़ बताया कि इस में यह भी है कि यह तो बानी जमाअत अहमदिया की सदाक़त की दलील है तो इस पर अब्दुल्लाह साहिब कहने लगे ख़ुदा तआला ने मेरी राहनुमाई कर दी है और अरबी पढ़े लिखे थे। बहरहाल उन्होंने बताया कि इस आयत का एक यह भी मतलब है तो वह अहमदी हो गए।

आई लौंडज़ बिल्कुल अमरीका के इलाक़े का एक जज़ीरा है। वहां के मुबल्लिग़ लिखते हैं कि हरमन लाजर (Hermon Lajar) साहिब एक कॉलेज में पढ़ाते थे। क़ुरआन-ए-करीम की एक आयत का मार्शली ज़बान में अनुवाद करने की ज़रूरत थी तो उसके लिए मुबल्लिग़ साहिब ने उनसे समपर्क किया। अनुवाद के लिए जब वह उनके पास गए और उन्हें जब ईआह् मालूम हुआ कि यह क़ुरआन-ए-करीम की आयत है तो घबरा गए कि इस्लाम उनके लिए बिल्कुल नया था। कहने लगे कि किसी भी मज़हबी चीज़ का अनुवाद करने से ख़ौफ़ महसूस करता हूँ ख़ासतौर पर इसलिए कि बाइबल और क़ुरआन के मध्य सख़्त इख़्तेलाफ़ है। बहरहाल उन्होंने अनुवाद कर दिया। कहते हैं चंद माह बाद मैंने उनसे मार्शली ज़बान सीखना शुरू कर दी। वह ज़बान सिखाने के लिए मस्जिद आते रहे। इस दौरान कई बार इस्लाम के बारे में बात होती। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की तालीमात से परिचित करवाता जिस पर मौसूफ़ इस्लाम की तालीमात से बहुत अच्छी तरह वाक़िफ़ हो गए। अभी ज़्यादा अरसा नहीं गुज़रा था कि मैंने मार्शल आईलैंड के मुबल्लिग़ को यह पैग़ाम भेजा कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की किताब "हमारी तालीम" का मार्शली ज़बान में अनुवाद करो। क्योंकि नए अहमदियों के लिए तर्बीयत की बहुत ज़्यादा ज़रूरत होती है, तो कहते हैं मैं ने फिर लाजर साहिब से इस बारे में बात की और उन्होंने मदद करने पर रजामंदी ज़ाहिर की। अब कहते हैं कि उनका इस्लाम के बारे में विचार बिल्कुल बदल चुका था। इस बार उन्होंने अपनी नौकरी की परेशानी के बारे में वर्णन किया। फिर मैंने कहा कि दुआ करें मगर ईसा अलैहिस्सलाम के नाम के साथ नहीं। अल्लाह तआला के हुज़ूर दुआ करें। इसलिए वह दुआ करते रहे और चंद हफ़्ते बाद मिनिस्ट्री आफ़ कल्चर ने उनको एक नई डिपार्टमैंट खोल के उनके फ़ील्ड में नौकरी दे दी। जहां उन्होंने अप्लाई किया था वहां उनको फ़ौरन नौकरी मिल गई। उन्हों ने बताया कि अब जब मैं दुआ करता हूँ तो अपने आपको हज़रत-ए-ईसा अलैहिस्सलाम का नाम लेने से रोकता हूँ और इस के बजाय ख़ुदा तआला से दुआ करता हूँ। कुछ अरसा के बाद उनको मुलाज़मत की मंज़ूरी भी आगई। क़बूलियत दुआ का यह निशान देखकर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के अलफ़ाज़ पढ़ कर लाजर साहिब ने बैअत करली और हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की किताब "हमारी तालीम" का मार्शली में अनुवाद भी तकमील तक पहुंच गया।

किस तरह अल्लाह तआला लोगों के दिल इस्लाम और हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की तरफ़ फेर रहा है। कहाँ तो ईसाइयत दुनिया में अपने झंडे गाड़ने की बातें करती थी और कहाँ अब ईसाई हज़रत मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के झंडे के नीचे आ रहे हैं। ये सब देखकर भी इन तथा-कथित मज़हब के ठेकेदारों की आँखें नहीं खुलतीं तो फिर उनका मुआमला ख़ुदा तआला के पास है।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के ज़रीया अल्लाह तआला इस्लाम के पैग़ाम को दुनिया के कोने कोने तक पहुंचाने के लिए जमाअत अहमदिया के ज़रीया जो काम करवा रहा है उसने तो इन शा अल्लाह तआला फैलना और फलना और फूलना है। कोई नहीं जो इस ख़ुदाई काम को रोक सके लेकिन हर अहमदी को इस बात को भी समझना चाहिए कि केवल हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के दावे को मान लेना ही काफ़ी नहीं है बल्कि हमें अपने अंदर वह पाक तबदीलियां पैदा करनी होंगी जो अल्लाह तआला की भेजी हुई तालीम का हक़ीक़ी उदाहरण हो जो आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की सुन्नत पर चलने की अमली तस्वीर हो। और जब यह होगा तो तब ही हम अल्लाह तआला के फ़ज़्लों के वारिस भी बनेंगे। अल्लाह तआला हमें इसकी तौफ़ीक़ भी अता फ़रमाए।

फिलिस्तीनियों के लिए भी दुआएं करते रहेंअल्लाह तआला उन्हें इस ज़ुलम से निजात दे जो उन पर हो रहा है। कहते हैं कि अब चंद दिन के लिए जंग बंदी है ताकि ज़रूरियात-ए-ज़िंदगी की मदद पहुंच सके लेकिन इस के बाद फिर क्या होगा। मदद पहुंचा के फिर उनको मारेंगे। इसराईल की हुकूमत के इरादे तो ख़तरनाक लगते हैं क्योंकि उनकी हुकूमत के एक विशेष मुशीर ने कल परसों एक ऐलान यह किया है कि यदि इस जंग बंदी के बाद फिर फ़ौरी जंग न शुरू की गई तो मैं हुकूमत से निकल जाऊँगा। तो इस किस्म की तो उनकी सोचें हैं।

बड़ी ताक़तें हमदर्दी की बज़ाहिर बातें तो करती हैं लेकिन इन्साफ़ करना नहीं चाहतें और इस मुआमले में संजीदा ही नहीं हैं। उनको यह इलम नहीं। समझते हैं कि वहीं तक महिदूद रहेगी लेकिन उनके जो अक़्लमंद हैं वे भी कहने लग गए हैं कि यह जंग केवल इन इलाक़ों में महिदूद नहीं रहेगी बल्कि बाहर भी फैलेगी और उनके मुल्कों तक भी पहुंच जाएगी।

मुस्लमान हुकूमतें यदि कुछ बोलना शुरू हुई हैं जिस तरह सुना है सऊदी बादशाह ने भी कहा है कि मुस्लमानों की एकता होनी चाहिए

तो एक आवाज़ बनाना पड़ेगी। इसके लिए एक ठोस कोशिश करनी पड़ेगी।

यदि यह एहसास पैदा हुआ है तो अल्लाह तआला उनको इस एहसास को अमली जामा पहनाने की भी तौफ़ीक़ अता फ़रमाए। बहरहाल दुआओं की तरफ़ बहुत तवज्जा दें।

नमाज़ के बाद में चंद जनाज़े ग़ायब पढ़ाऊंगा। पहला वर्णन है अब्दुस्सालाम आरिफ़ साहिब मुरब्बी सिलसिला का। चो्वन वर्ष की उम्र में पिछले दिनों ये वफ़ात पा गए थे। इन्ना लिल्लाहे व इन्ना ईलेही राजेऊन।अल्लाह तआला के फ़ज़्ल से मूसी थे। उनके ख़ानदान में अहमदियत उनके पड़नाना श्रीमान हाजी हसन ख़ान के द्वारा आई जिन्हों ने 1937 में ख़िलाफ़त-ए-सानिया के दौर में अहमदियत क़बूल की थी। उनकी पत्नी की भी वफ़ात हो गई थी। अल्लाह तआला ने उनको दो बेटों से नवाज़ा और दोनों हाफ़िज़-ए-क़ुरआन हैं। एक मुरब्बी सिलसिला हैं और दूसरे भी मेरा ख़्याल है वाकिफ-ए-ज़िंदगी हैं।

उनके बेटे हाफ़िज़ अब्दुल मुनीम जो मुरब्बी सिलसिला हैं कहते हैं बहुत प्यार करने वाले थे। प्यार से तर्बीयत की। न केवल अपनी औलाद से प्यार किया बल्कि बिरादरी से भी सिलारहमी और मुहब्बत का बहुत ताल्लुक़ था। लोगों से भी बहुत प्यार का ताल्लुक़ था। यही वजह है कि बहुत से लोग उनकी वफ़ात पर आए और अपने ताल्लुक़ात का वर्णन किया। कहते हैं हमारे दिलों में अल्लाह और उसके रसूलुल्लाह हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम और ख़िलाफ़त की मुहब्बत इस क़दर रासिख़ की कि अब हमारे दिलों से कभी यह निकल नहीं सकती बल्कि हमें यह भी कहा कि अपनी औलाद को भी तलक़ीन करते चले जाना। कहते हैं माता की वफ़ात हुई तो ख़ुद भी बड़ा सब्र किया और हमें भी सब्र की तलक़ीन की।

उनके एक मुरब्बी दोस्त राजा मुबारक साहिब हैं कहते हैं में उनका क्लास फ़ैलो था और अक्सर वक़्त उनके साथ जामिआ में भी और फ़ील्ड में भी गुज़ारा और एक फ़िरिश्तासिफ़त इन्सान थे। इबादत में भी आला मुक़ाम, बुज़ुर्गी में भी आला मुक़ाम रखते थे। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा। निहायत मुहज़्ज़ब ज़बान इस्तिमाल करते। दलील से बात करते, कभी किसी से न लड़ते। लोग उनसे लड़ लेते, ज़्यादती भी कर लेते लेकिन वो हमेशा ख़ुद्दाम से मिलते। कभी ज़लील-ओ--रुस्वा करने की कोशिश नहीं की और हर किसी का पूरा-पूरा ख़्याल रखते थे और यही एक हक़ीक़ी मुरब्बी की ख़ुसूसीयत है। और कहते हैं जहां-जहां भी वह रहे सैंकड़ों अफ़राद के अंदर ख़िलाफ़त से मुहब्बत कूट कूट कर भरी। इतनी गहराई में जा कर उन्होंने तर्बीयत की है कि उनकी वफ़ात पर जहां-जहां भी वह रहे लोग आए और मुरब्बी साहिब का वर्णन कर के धाड़ें मार मार कर रोते थे कि हमारी जमाअत यतीम हो गई। ख़ुद कई-कई मील का पैदल सफ़र करते थे। पाँच दस किलो मीटर का सफ़र पैदल कर लेते थे और जब उनको कहा जाता था कि जमाअत सहूलत देती है किराया रिक्शा इत्यादि ले लिया करें तो कहते यदि मैं जमाअत के पैसे बचाता हूँ तो तुम लोगों को क्या तकलीफ़ है। और पैदल दौरे किया करते थे, मीलों मील दौरे करते थे। अल्लाह तआला उनके दर्जात बुलंद फ़रमाए और ऐसे बावफ़ा और मेहनती मुरब्बी अल्लाह तआला जमाअत को हमेशा देता रहे और बच्चों को भी उनकी नेकियां जारी रखने की तौफ़ीक़ दे।

दूसरा ज़िक्र मुहम्मद क़ासिम ख़ान साहब का है जो आजकल कैनेडा में थे। साबिक़ नायब नाज़िर बैतुल माल ख़र्च थे। रिटायर्ड हुए थे। तिरासी साल की आयु में उनकी वफ़ात हुई है। इन्ना लिल्लाहे व इन्ना ईलेही राजेऊन। नज़र अहमद ख़ान साहब के बेटे और क़ाज़ी मुहम्मद नज़ीर लायलपूरी साहिब के दामाद थे। उनके बेटे मुहम्मद ख़ालिद ख़ान कहते हैं उनको ख़िलाफ़त के चार दौर देखने की तौफ़ीक़ मिली। ख़िलाफ़त-ए-साल्सा के पूरे दौर में प्राईवेट सैक्रेटरी के दफ़्तर में ख़िदमत की तौफ़ीक़ मिली। मुजाहिद फ़ोर्स में बतौर कप्तान देश और जमाअत की

ख़िदमत की तौफ़ीक़ मिली। जंग के दिनों में फुर्क़ान फ़ोर्स भी बनी थी वहां भी ये थे। पांचों वक्त नमाज़, तिलावत क़ुरआन-ए-क्रीम का इल्तिज़ाम बहुत ज़्यादा था। औलाद को भी इस की तलक़ीन करते। सादगी और ईमानदारी का आला नमूना थे। औलाद को भी ख़िलाफ़त से ताल्लुक़ रखने की ताकीद करते रहे। ख़िलाफ़त के लिए एक नंगी तलवार थे। अल्लाह तआला मग़फ़िरत और रहम का सुलूक फ़रमाए और उनकी औलाद को उनकी नेकियां जारी रखने की तौफ़ीक दे।

पिछले दिनों हमारे जमाअत के प्रसिद्ध शायर अब्दुल करीम क़ुदसी साहिब की वफ़ात हुई है। एक वर्णन उनका है। इन्ना लिल्लाहे व इन्ना ईलेही राजेऊन। मरहूम के ख़ानदान में अहमदियत उनके वालिद मियां अल्लाह दत्ता साहिब के ज़रीया आई थी जिन्हों ने 1934 ई. में हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ी अल्लाह तआला अन्हो के हाथ पर बैअत की थी। फिर अहमदी होने के बाद सारी ज़िंदगी वक़्फ़ की तरह गुज़ारी। हमेशा तब्लीग़ करते रहे। बहुत से ख़ानदान अहमदी किए और सारी उम्र वक़्फ़ की रूह के साथ जमाअत की ख़िदमत की उनकी पत्नी बुशरा क्रीम साहिबा हैं जिनका निकाह हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह सालिस रहमहुल्लाह ने पढ़ाया था। और उनके चार बच्चे हैं एक बेटे अब्दुल कबीर क़मर साहिब मुरब्बी सिलसिला हैं आजकल उस्ताद जामिआ अहमदिया रब्वाह हैं। ख़ुद क़ुदसी साहिब भी जमाअत की ख़िदमत करते रहे। तीस साल तक जमाअत अहमदिया रचना टाउन ज़िला लाहौर के सैक्रेटरी माल रहे। इस के इलावा भी विभिन्न विभागों में काम किया। उनकी शायरी तो अच्छी थी। काफ़ी शेअर कहते थे। मजमूआ भी है। उनका मजमूआ कलाम छप चुका है। एक ग़ैरमामूली काम जो उनका है वह क़सीदा یٰ عَیۡنَ فَیۡضِ اللّٰہِ وَالۡعِرۡفَان का मंजूम उर्दू अनुवाद और पंजाबी अनुवाद है। इस के इलावा दुर्रे-समीन के तीन सौ तेराह अशआर का पंजाबी अनुवाद भी उन्होंने किया है।

कहते हैं कि एक ज़माने में उनको जुनून चढ़ा कि जमाअत से ज़रा आज़ाद होना चाहिए तो ख़ुद ही लिखते हैं कि 1968 में अपने गांव कर्तव् पंडोरी से लाहौर मुलाज़मत के लिए आया और यहां आया तो फिर सैकूलर सोचों को फलने फूलने का अवसर मिलने लगा। नमाज़ें पढ़ते थे। कभी मस्जिद में जाते, कभी नहीं क्योंकि मस्जिद दूर थी। जुमा कभी कहीं पढ़ लिया, कभी न पढ़ा। कहते हैं एक दफ़ा एक जुमा पर एक दोस्त के घर दावत थी। साथ वाली मस्जिद ग़ैर अहमदियों की थी। वहां जुमा पढ़ने चले गए। मौलवी का हाल जो उन्होंने सुनाया वह आज भी यही है। तो मौलवी-साहब ने आधा ख़ुत्बा शेज़ान के ख़िलाफ़ दिया। शेज़ान जो है अहमदियों की है। पीने वाली वस्तु है। अहमदी कारख़ानों में बनता है। बहरहाल कहते हैं बाक़ी बातों के इलावा यह भी कहा कि वे लोग इस में रब्वाह की मिट्टी भी मिलाते हैं अर्थात रब्वाह की जो मिट्टी है वह शेज़ान में मिलाते हैं इसलिए यह बिल्कुल नहीं पीना चाहिए। कहते हैं मैंने उसका ख़ुत्बा तो सुन लिया लेकिन नमाज़ पढ़े बग़ैर में भाग गया। दोस्त कहने लगा क्या हुआ मैं ने कहा तुमने मौलवी की बकवास नहीं सुनी। कहने लगा छोड़ो ये बातें तो करते रहते हैं। बहरहाल खाना खाया। खाने के बाद कहते हैं बाहर निकले तो एक दुकान पर देखा कि मौलवी-साहब खड़े शेज़ान पी रहे थे। कहते हैं मुझ से नहीं रहा गया। मैंने मौलवी-साहब से पूछा आप तो अभी शेज़ान के ख़िलाफ़ बड़ा कुछ बोल के आए हैं, अब ख़ुद पी रहे हैं? कहता है डाक्टर ने मुझे कहा है स्क्रीन वाला कोई मशरूब नहीं पीना। शेज़ान पीने की हिदायत की है। यह ख़ालिस होती है इसलिए मैं दवाई समझ के पीता हूँ। तो मैंने कहा वह रब्वाह की मिट्टी मिलाने वाली बात क्या हुई? तो क़हक़हे लगा के मौलवी-साहब कहते कि ऐसे तड़के न लगाऐं तो हमारी दुकानदारी कैसे चले? दुकानदारी का आरोप हम पर और चला अपनी दुकानदारी कर रहे हैं। बहरहाल उनके बहुत सारे ऐसे वाक़ियात हैं। ख़िलाफ़त से बे-इंतिहा उनका ताल्लुक़ था। फिर अपनी औलाद और अपनी नसल में भी इस ताल्लुक़ को मुंतक़िल करने की उन्होंने कोशिश की और जैसा कि मैंने कहा जमाअत के प्रसिद्ध शायर थे और इसी बात को बड़ा एज़ाज़ समझते थे। जमाअती मुशाविरों में पढ़ते भी थे और जमाअत के बारे में उनको बेशुमार नज़्में लिखने का भी अवसर मिला। अल्लाह तआला उनसे मग़फ़िरत और रहम का फ़रमाए।

अगला वर्णन है मियां रफ़ीक़ अहमद गोन्दल साहिब यह भी पिछले दिनों इकासी साल की उम्र में वफ़ात पा गए। इन्ना लिल्लाहे व इन्ना ईलेही राजेऊन। अल्लाह तआला के फ़ज़्ल से मूसी थे। उनके ख़ानदान में अहमदियत का नफ़ुज़ उनके दादा हज़रत मियां ख़ुदाबख़्श साहिब गोन्दल आफ़ कोट मोमिन के ज़रीया हुआ। अपने ख़ानदान में वह अकेले अहमदी थे। हज़रत मसीह मौऊद अलैहि-स्सलाम के ज़माने में जब ताऊन फैली है तो उनको भी ताऊन की गिलटियां निकल आएं। अब निशानात का वर्णन हो रहा है तो यहां उनका यह वाक़िया भी एक निशान है। वह उसका ईलाज करवाने भेरा जाया करते थे। भीरे में उन्होंने हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की यह इबारत पढ़ी कि जो मेरी चारदिवारी में दाख़िल होगा वह बचाया जाएगा। वह वापस घर आए और बताया कि मैं कादियान जा रहा हूँ। जब कादियान पहुंचे तो वहां मस्जिद मुबारक में हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम तशरीफ़ फ़र्मा थे और कुछ लिख रहे थे। उन्होंने इरादा किया कि कुछ बात करें लेकिन हज़रत-ए-अक़दस अलैहिस्सलाम की व्यस्तता की वजह से बोल नहीं सके। बहरहाल जब हज़रत मसीह मौऊद अलै-हिस्सलाम फ़ारिग़ हुए तो उन्होंने हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम को अपना परिचय करवाया और बताया कि मैं आप की ताऊन से महफ़ूज़ रहने वाली बात कि जो इस घर की चारदीवारी में दाख़िल होगा वह ताऊन से महफ़ूज़ रहेगा सुनकर आप से मिलने आया हूँ। बहरहाल वहां बात हुई तो उन्होंने बैअत कर ली और बैअत के बाद उनकी गिलटियां भी ठीक हो गईं। इस बात को भी आप हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की सदाक़त का एक निशान समझते थे और वर्णन किया करते थे। ख़ुद मियां रफ़ीक़ गोन्दल साहिब और उनके बेटे को एक दफ़ा विद्यार्थियों ने लाहौर में पकड़ लिया और ख़ूब मारा। जब लड़के उनके बेटे की पिटाई कर रहे थे। यह घर से बाहर निकले और उनको बचाने की कोशिश की तो ये ख़ुद भी ज़ख़मी हुए और उनका बाज़ू भी टूटा तो बहरहाल जमाअत की ख़ातिर उन्होंने मार भी खाई। यह मलिक उमर अली साहिब खोखर के दामाद थे और मलिक उमर अली साहिब की पहली पत्नी हज़रत मीर इसहाक़ रज़ियल्लाहु अन्हो की बेटी थीं तो उनकी पत्नी हज़रत मीर इसहाक़ रज़ियल्लाहु अन्हो की नवासी थीं। उनकी औलाद में एक बेटा और दो बेटियां हैं और एक बेटा बेटी अमरीका में हैं। एक बेटी उनकी रिफ़अत सुल्ताना डाक्टर मशहूद अहमद हैं जो रब्वाह फ़ज़्ल-ए-उम्र हस्पताल में काम कर रहे हैं उनकी पत्नी है।

आपकी पत्नी ने लिखा कि नमाज़ों और तहज्जुद के पाबंद थे। ग़रीबों का बहुत ख़्याल रखते थे। अल्लाह तआला उनसे मग़फ़िरत और रहम का सुलूक फ़रमाए और उनके बच्चों को भी उनकी नेकियां जारी रखने की तौफ़ीक़ दे।

आख़िरी वर्णन श्रीमती नसीमा लईक साहिबा अमरीका का है। यह श्रीमान सय्यद लईक अहमद साहिब शहीद मॉडल टाउन लाहौर की पत्नी थीं। उनकी भी पिछले दिनों में वफ़ात हुई है। इन्ना लिल्लाहे व इन्ना ईलेही राजेऊन। यह भागल-पुर हिन्दुसतान में पैदा हुई थीं। उनके वालिद अबुल् हसन साहिब अहमदी नहीं थे और उनकी माता अमतुल वरा साहिबा ने ख़ुद बैअत की और अहमदियत में शामिल हुईं। इस ज़माने में कम से कम यह था कि यदि औरतों ने बैअत की तो कुछ पति ऐसे शुरफ़ा, शरीफ़ लोग थे जो औरतों को, अपनी बीवियों को ज़ोर नहीं दिया करते थे कि क्यों अहमदी हुई। बहरहाल माता अहमदी हुईं और माता के पुख़्ता ईमान और ख़िलाफ़त से मज़बूत ताल्लुक़ की वजह से बेटियों की शादियां भी उन्होंने अहमदी घरानों में कीं। ये सब बहनें अहमदी हैं।

उनकी बेटी हुमैरा साहिबा अमरीका में रहती हैं। कहती हैं जमाअत और ख़िलाफ़त के साथ कामिल तौर पर वाबस्ता रहीं। अपनी ज़िंदगी दीनी ख़िदमत के लिए वक़्फ़ कर रखी थी और जमाअत के सच्चे जज़्बा मुहब्बत और इन्सानियत की अक्क़ासी की। उनका दिल हमदर्दी से लबरेज़ था, खासतौर पर नादार लोगों के लिए और अपने इर्द-गिर्द मौजूद लोगों की ज़िंदगीयों पर मुसबत असर डालने के लिए अनथक मेहनत करने वाली थीं।

नुज़हत साहिबा उनकी एक बेटी हैं। यह यहां वॉलसॉल यू.के में रहती हैं। कहती हैं इंतेहाई मुख़लिस, ख़िलाफ़त की वफ़ादार, निज़ाम जमाअत की पाबंद थीं। इंतेहाई निडर महिला जो हक़ बात कहने वाली और कभी इस से पीछे नहीं हटती थीं। बद रसूमात और बिदआत को सख़्त नापसंद करती थीं और अपने बच्चों को भी इस हवाले से हमेशा तलक़ीन करती थीं कि एक अहमदी मुस्लमान को हर तरह की बुरी चीज़ों से परहेज़ करना चाहिए। ख़ुदा तआला के फ़ज़्ल से मूसिया थीं। पीछे रहने वालों में चार बेटे और चार बेटियां हैं। उनके एक बेटे अमरीका में डाक्टर हैं वह हमारे दौरों के दौरान साथ भी रहते हैं। बड़े ख़िदमत करने वाले हैं। अल्लाह तआला मरहूमा से मग़फ़िरत और रहम का सुलूक फ़रमाए और उनके बच्चों को उनकी नेकियां जारी रखने की तौफ़ीक़ दे।

★ ★ ★

ख़ुत्बः जुमअः

युद्ध के समय पर समस्त संसार के सरदार हज़रत मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का पवित्र आचरण

आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की किसी से ज़ाती दुश्मनी नहीं थी। अर्थात आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के दिल में उनके लिए किसी ज़ाती दुश्मनी के जज़बात नहीं थे बल्कि अल्लाह तआला के दीन को मिटाने वालों के ख़िलाफ़ जंग थी। जो अल्लाह तआला के दीन को मिटाना चाहते थे उनके विरुद्ध जंग थी

आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने जंग के सिद्धांत और नियम निर्धारित फ़रमाए। समझौतों का भी सम्मान किया और उन चीज़ों पर इंतेहाई दर्जा तक अमल भी किया। आजकल की दुनिया की तरह नहीं कि नियम और कानून तो बेशुमार बनाए हैं लेकिन अमल कोई नहीं बल्कि दोहरे मियार हैं

आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ज़िंदगी तो क़ुरआन-ए-करीम के आदेश की अमली तफ़सीर थी जहां अदल-ओ-इन्साफ़ और अमन का क़ियाम बुनियादी उसूल वर्णन किए गए हैं

आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का उस्वा इस तालीम की रोशनी में हर पहलू पर हावी और इसके आला मयार क़ायम करने वाला था

ग़ज़व-ए-अहद के अस्बाब और पृष्ठभूमि का तफ़सीली वर्णन

वाक़ियात साबित करते हैं यह जंग भी दुश्मन ने अपनी दुश्मनी की आग की वजह से शुरू की थी और मजबूरन मुस्लमानों को भी जंग के लिए निकलना पड़ा

फिलिस्तीन के उत्पीड़ित लोगों के लिए दुआ की पुनः तहरीक

फिलिस्तीनियों के लिए दुआएं करते रहें। जंग बंदी ख़त्म होने के बाद फिर उन पर बिना मतभेद के बमबारी होगी और फिर मासूम शहीद होंगे। कितना ज़ुलम होगा? अल्लाह बेहतर जानता है। उनके मुस्तक़बिल के बारे में बड़ी ताक़तों के इरादे जो हैं वे बड़े ख़तरनाक हैं। इसलिए उनके लिए बहुत दुआओं की ज़रूरत है। अल्लाह रहम फ़रमाई।

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 1 दिसम्बर 2023 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔

أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के ग़ज़वात के हवाले से कुछ वर्णन करूँगा। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की शख़्सियत के पहलू और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का उस्वा इन हालात में किस तरह हमारे सामने आता है

जंग-ए-बदर के हवाले से हम देख चुके हैं कि किस तरह आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने क़ैदियों को सहूलतें मुहय्या फ़रमाईं। क़ैदी ख़ुद कहते हैं कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की हिदायत के अनुसार कि क़ैदियों से बेहतर सुलूक करो सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो अपनी ख़ुराक से बेहतर ख़ुराक हमें दिया करते थे। फिर हमने यह भी देखा कि जब इन क़ैदियों की रिहाई का मुआमला आया तो बड़ी आसान शरायत पर उनको रिहा कर दिया। कुछ का फ़िद्या तो केवल इतना था कि जिनको लिखना पढ़ना आता है वह मुस्लमानों को लिखना पढ़ना सिखा दें।

